आज मईया का कीर्तन हमारे अँगना

आज मईया का कीर्तन हमारे अँगना,
हमारे अंगना हमारे अँगना,
आज मईया का किर्तन हमारे अंगना

सुन कीर्तन को गणपति आए,
गणपति आये संग रिद्धि सिद्धि लाए,
आज लंगर बंटेगा हमारे अँगना,
आज मैया का कीर्तन हमारे अँगना

सुन कीर्तन को ब्रम्हा जी आए,
ब्रम्हा जी आये संग सरस्वती को लाए,
आज वेद पढेंगे हमारे अँगना,
आज मैया का कीर्तन हमारे अँगना

सुन कीर्तन को को विष्णु जी आए,
विष्णु जी आये संग में लक्ष्मीजी को लाए,
आज धन बरसेगा हमारे अँगना,
आज मैया का कीर्तन हमारे अँगना

सुन कीर्तन को शिवजी आए,
शिवजी आए संग में गौराजी को लाए,
आज डमरुँ बजेगा हमारे अँगना,
आज मैया का कीर्तन हमारे अँगना

सुन किर्तन को कान्हाँ जी आए,
कान्हाँ जी संग में राधाजी जी को लाए,
आज मुरली बजेगी हमारे अँगना,
आज मैया का कीर्तन हमारे अँगना

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22147/title/aaj-maiya-ka-kirtan-hamare-angna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |